गीत-संगीत पर झुमाया रैंप पर लूटी वाहवाही

खेलगांव स्टेडियम में आइआइएम के कार्यक्रम में फैशन शो में भाग लेती अमेटी विवि की छात्राएं • जागरण

जागरण संवाददाता, रांची : आइआइएम रांची का एनुअल कल्चरल व स्पोर्ट्स फेस्ट रश-5.0 का समापन रविवार को हुआ। खेलगांव स्टेडियम में चल रहे कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गीत-संगीत पर खूब झुमाया। इसके बाद रैंप पर चले। शाम में बैंड की धुन पर सभी खूब थिरके।

इससे पहले सुबह में आइआइएम रांची के छात्र-छात्राएं संस्थान से खेलगांव तक पैदल पहुंचे। इस दौरान बाल मजदूरी, ट्रैफिकिंग, सेव गर्ल चाइल्ड से संबंधित स्लोगन लिखे तख्ती लेकर चल रहे थे। इनके साथ नेशनल हयूमन राइट क्राइम कंट्रोल ब्यूरो के प्रेसीडेंट रणधीर कुमार, प्रो. रोहित कुमार, सतीश कुमार सहित अन्य थे। रणधीर कुमार ने कहा कि ट्रैफिकिंग के खिलाफ आवाज उठाते रहने की जरूरत है। बेहतर शिक्षा व बेरोजगारी को दूर करके ही इससे निजात पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों की ट्रैफिकिंग कर उन्हें ड्रग के धंधे में धकेल दिया जाता है। वहीं लड़कियों को देह व्यापार में भेज दिया जाता है।

Dainik Jagaran, 03.02.2020, Pg.01(Supli)